समाचार

# बिजली शिकायत निवारण शिविर में पहुंचे महापौर

## (बिजली विभाग के पाड़ीमार जोन आफिस में लगाया गया समस्या निवारण शिविर, बिजली संबंधी समस्याओं का किया गया मौके पर निराकरण)



कोरबा 10 फरवरी 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष निर्देश पर बिजली से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु सी.एस.ई.बी. ईस्ट क्षेत्र के पाड़ीमार जोन में शिकायत निराकरण शिविर लगाया गया है, इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य है कि आमनागरिकों की बिजली संबंधी समस्याओं व त्रुटिपूर्ण बिजली बिल सुधार आदि का कार्य स्थल पर ही कर दिया जाए ताकि आमनागरिकों को राहत मिल सके।

यहॉ उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा 08 फरवरी को विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विद्युत संबंधी कार्यो की समीक्षा की गई थी तथा विद्युत वितरण कम्पनी के विभिन्न जोन कार्यालयों में समस्या निवारण शिविर लगाने के लिए अधिकारियों से कहा गया था। आज सी. एस.ई.बी. ईस्ट क्षेत्र के समीप स्थित बिजली विभाग के पाड़ीमार जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शिविर स्थल पर पहुंचकर वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा, विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों व समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के स्पष्ट निर्देश हैं कि सम्पूर्ण निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड में पेयजल, बिजली व सड़क से संबंधित समस्याएं न रहें, इनके निराकरण के लिए तुरंत कदम उठाएं जाएं, इस दिशा में निरंतर काम हो रहा है तथा इसी कड़ी में आज विद्युत विभाग द्वारा समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें विद्युत विभाग के

पाड़ीमार जोन के अंतर्गत निगम के कोसाबाड़ी क्षेत्र के सभी वार्ड आते हैं, इन सभी वार्डो के लोगों ने इस शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण कराया है, विशेषकर बिजली बिल सुधार के कार्य मौके पर ही किए गए हैं।

**11 फरवरी को तुलसीनगर जोन में शिविर** – छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा बिजली बिल एवं विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु 11 फरवरी को तुलसीनगर जोन आफिस में शिविर लगाए जाएंगे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि यदि बिजली बिल या विद्युत संबंधी अन्य कोई समस्या है तो वे अपने संबंधित जोन में निर्धारित तिथि को लगने वाले समस्या निवारण शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायतों का निराकरण अवश्य कराएं। उन्होने कहा है कि बिजली बिल संबंधी समस्याओं के लिए वर्तमान बिल, मीटर रीडिंग की फोटो तथा पुराने पटाए गए बिल की कापी लेकर शिविर में पहुंचे ताकि मौके पर ही शिकायत का निराकरण किया जा सके।

शिविर के दौरान एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, अमरजीत सिंह,प्रदीप जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, नारायणदास महंत, एल्डरमेन आरिफ खान, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, विद्युत विभाग के एस.के. चक्रवर्ती, अनुपम सरकार, रमेश कुमार बिसेन, कुंजबिहारी, संतोषकुमाार थवाईत, ईशाक खान, जयेश, हनुमान साहू, मो. शाहीद, महेन्द्र साहू, अंकिता अग्रवाल, चन्दू पटेल आदि उपस्थित थे।